नाम कीर्तन करो तुम सुधर जाओगे

नाम कीर्तन करो तुम सुधर जाओगे ।
पाके हरि प्रेम निश्चित ही तर जाओगे ।।
चाहे हो तुम पतित या पवित्रात्मा ।
गाके हरि नाम भक्ती का रस पाओगे ।।

करके करुणा मनुज देह प्रभु ने दिया ।
क्यों नहीं राम का नाम तुम गाओगे ।।
नाम....

शुद्ध होगा हृदय नाम कीर्तन से ही ।
प्रेमियों के चरण में ही तुम धाओगे ।।
नाम....

दास देवा विनय नाम प्रेमी बनो ।
राम निज दास के हियँ में तुम छाओगे ।।
नाम....

Lyrics प. पू. गुरुदेव श्री स्वामी देवादास जी महाराज
स्वर : सियाराम जी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34257/title/nam-kirtan-karo-tum-sudhar-jaoge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |